# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 26.5.26 | 3 | 1-4 |

• एचएयू में ऊर्जा संरक्षण पर जागरूकता रैली निकाली, विवेकपूर्ण उपयोग का संदेश



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी ऊर्जा संरक्षण अभियान के तहत परिसर में जागरूकता रैली निकालते हुए।

# जागरूकता रैली में 'ईंधन बचाओ देश बचाओ' से ऊर्जा बचत का दिया संदेश

भास्कर न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण अभियान के तहत परिसर में जागरूकता रैली निकाली। रैली को कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने आमजन से अनावश्यक बिजली खपत घटाने, सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता देने, ऊर्जा दक्ष उपकरण अपनाने और संसाधनों का जिम्मेदारी से उपयोग करने की अपील की। उनका कहना था कि ऊर्जा बचत से केवल आर्थिक लाभ नहीं मिलता, बल्कि पर्यावरण संरक्षण भी मजबूत होता है। इससे बिजली, पेट्रोल और डीजल पर खर्च कम होकर विदेशी मुद्रा की बचत होती है। साथ ही कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आती है, जिससे वायु प्रदूषण घटता है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि रैली में ''ईंधन बचाओ देश बचाओ'' जैसे नारों के साथ ऊर्जा बचत को दैनिक आदत बनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, एनएसएस अधिकारी डॉ. लोचन शर्मा, डॉ. दीपक कौशिक, डॉ. अरूण कुमार व डॉ. इदरीश सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, संकाय सदस्य, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 26.5-26 | 3 | 1-4 |

सराहनीय

एचएयू में ईंधन बचाओ-देश बचाओ के नारों से आमजन को किया जागरूक

# विद्यार्थियों ने निकाली ऊर्जा संरक्षण जागरूकता रैली

माई सिटी रिपोर्टर



ईंधन बचाओ-देश बचाओ के संदेश के साथ एचएयू में जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी। स्रोत : आयोजक

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण अभियान के तहत सोमवार को जागरूकता रैली निकाली। रैली को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने आमजन को ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग और ईंधन बचत का संदेश दिया।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने लोगों से अनावश्यक बिजली खपत कम करने, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने, ऊर्जा दक्ष उपकरण अपनाने और संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने का आह्वान किया।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में निकाली गई रैली के दौरान विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण, ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाई।

विद्यार्थियों ने ईंधन बचाओ-देश बचाओ, ऊर्जा संरक्षण अपनाएं-उज्ज्वल भविष्य बनाएं और कम ईंधन-स्वच्छ पर्यावरण जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, एनएसएस अधिकारी डॉ. लोचन शर्मा, डॉ. दीपक कौशिक, डॉ. अरुण कुमार और डॉ. इदरीश सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, संकाय सदस्य, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 26-5-25 | 4 | 1-2 |


# ऊर्जा संरक्षण अभियान को आमजन तक पहुंचाना जरूरी : बलदेव राज



चौधरी चरण सिंह हकृवि में जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी • पीआरओ

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। आमजन को ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग और ईंधन की बचत के लिए निकाली गई जागरूकता रैली को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने ईंधन की बचत के लिए आमजन से अनावश्यक बिजली खपत को कम करने, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने, ऊर्जा दक्ष उपकरण अपनाने तथा संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा बचत केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। ऊर्जा संरक्षण से बिजली, पेट्रोल और डीजल पर होने वाला खर्च कम होता है जिससे विदेशी मुद्रा की बचत होती है। कुलपति ने बताया कि ऊर्जा बचत से कार्बन डाइ आक्साइड एवं अन्य ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आती है, जिससे वायु प्रदूषण घटता है और पर्यावरण संरक्षण को बल मिलता है। साथ ही कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस जैसे प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होता है तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में सहायता मिलती है।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 26.5.26 | 12 | 3-7 |

### एचएयू के विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

# ऊर्जा संरक्षण के बारे में जागरूक करना बहुत जरूरी

**ऊर्जा संरक्षण से बिजली और पेट्रोल की होती है बचत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। जागरूकता रैली को झंडी दिखाते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। आमजन को ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग और ईंधन की बचत के लिए निकाली गई जागरूकता रैली को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने झंडी दिखाकर रवाना किया। कुलपति प्रो. कम्बोज ने ईंधन की बचत के लिए आमजन से अनावश्यक बिजली खपत को कम करने, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने, ऊर्जा दक्ष उपकरण अपनाने तथा संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा बचत केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। ऊर्जा संरक्षण से बिजली, पेट्रोल और डीजल पर होने वाला खर्च कम होता है जिससे विदेशी मुद्रा की बचत होती है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में निकाली गई जागरूकता रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण, ईंधन की बचत तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने 'ईंधन बचाओ देश बचाओ', 'ऊर्जा संरक्षण अपनाएं -उज्जवल भविष्य बनाएं' तथा 'कम ईंधन-स्वच्छ पर्यावरण' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, एनएसएस अधिकारी डॉ. लोचन शर्मा, डॉ. दीपक कौशिक आदि रहे।

## साइकिलिंग पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया



हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि साइकिलिंग न केवल शारीरिक व्यायाम में अत्यंत लाभदायक है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण तथा राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में भी उपयोगी है। साइकिलिंग को नियमित रूप से दिनचर्या का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई 'संडे ऑन साइकिल' अभियान के शुभारंभ के अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर सेवानिवृत जिला खेल अधिकारी डॉ. बीआर गोयल, खेल निदेशालय के डीन प्रो. आशीष अग्रवाल एवं खेल निदेशक डा. एसबी लूथरा उपस्थित रहे।

chaudhari
# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 26.5.26 | 4 | 1-2 |

# हकृवि के विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली



*रैली निकालते विद्यार्थी।*

हिसार, 25 मई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। आमजन को ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग और ईंधन की बचत के लिए निकाली गई जागरूकता रैली को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने ईंधन की बचत के लिए आमजन से अनावश्यक बिजली खपत को कम करने, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने, ऊर्जा दक्ष उपकरण अपनाने तथा संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने का आह्वान किया।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में निकाली गई जागरूकता रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण, ईंधन की बचत तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. लोचन शर्मा, डॉ. दीपक कौशिक, डॉ. अरूण कुमार व डॉ. इदरीश उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, संकाय सदस्य, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 26.5.26 | 5 | 6-8 |

# ऊर्जा संरक्षण अभियान को आमजन तक पहुंचाना ज़रूरी : प्रो. काम्बोज

## एचएयू के विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली



जागरूकता रैली को झंडी दिखाते कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज।

हिसार, 25 मई (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। आमजन को ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग और ईंधन की बचत के लिए निकाली गई जागरूकता रैली को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने झंडी दिखाकर रवाना किया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने ईंधन की बचत के लिए आमजन से अनावश्यक बिजली खपत को कम करने, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने, ऊर्जा दक्ष उपकरण अपनाने तथा संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा बचत केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। ऊर्जा संरक्षण से बिजली, पेट्रोल और डीजल पर होने वाला खर्च कम होता है जिससे विदेशी मुद्रा की बचत होती है। कुलपति ने बताया कि ऊर्जा बचत से कार्बन डाइऑक्साइड एवं अन्य ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आती है, जिससे वायु प्रदूषण घटता है और पर्यावरण संरक्षण को बल मिलता है। साथ ही कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस जैसे प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होता है तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में सहायता मिलती है। ऊर्जा संरक्षण भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और टिकाऊ पर्यावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने ऊर्जा संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने और अपने दैनिक जीवन में ऊर्जा बचत की आदतों को अपनाने का भी आग्रह किया।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में निकाली गई जागरूकता रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण, ईंधन की बचत तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने 'ईंधन बचाओ देश बचाओ', 'ऊर्जा संरक्षण अपनाएं -उज्जवल भविष्य बनाएं' तथा 'कम ईंधन- स्वच्छ पर्यावरण' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, एनएसएस अधिकारी डॉ. लोचन शर्मा, डॉ. दीपक कौशिक, डॉ. अरूण कुमार व डॉ. इदरीश उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, संकाय सदस्य, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 26.5-26 | 4 | 1-6 |

# एचएयू में दाखिले के लिए 15 तक करें आवेदन

## सामान्य वर्ग के लिए आवेदन शुल्क 1500 रुपये, एससी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/दिव्यांग वर्ग के लिए 375 रुपये

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में स्नातक, स्नातकोत्तर व पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

मिशन एडमिशन

कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बताया कि बीटेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग) व बीटेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग-एलईईटी) में दाखिला हरियाणा राज्य काउंसलिंग सोसायटी की ओर से आयोजित जेईई (मेन) 2026 व एलईईटी-2026 की मेरिट के आधार पर होगा। सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 1500 रुपये निर्धारित किया गया है जबकि अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) व दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए यह शुल्क 375 रुपये रहेगा।

2+4 वर्षीय बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर पाठ्यक्रम में दाखिला दसवीं के बाद आयोजित एग्रीकल्चर एप्टीट्यूड टेस्ट के आधार पर होगा। वहीं चार वर्षीय बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर, बीएफएससी, बीएससी (ऑनर्स) कम्युनिटी साइंस, एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट, फिजिकल साइंसेज, लाइफ साइंसेज तथा बीटेक बायोटेक्नोलॉजी में प्रवेश 12वीं के बाद प्रवेश परीक्षा के आधार पर मिलेगा।

विवि के विभिन्न महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होगा। कृषि महाविद्यालय में एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स, एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एजुकेशन, एग्रोनॉमी, हॉर्टिकल्चर, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, प्लांट पैथोलॉजी, एंटोमोलॉजी, सीड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, सॉयल साइंस, वेजीटेबल साइंस सहित विभिन्न विषय शामिल हैं।

मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय में बायोकेमिस्ट्री, केमिस्ट्री, एनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रोबायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलॉजी, सोशियोलॉजी, स्टैटिस्टिक्स व जूलॉजी विषयों में दाखिले होंगे। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में एपैरल एंड टेक्सटाइल साइंस, एक्सटेंशन एजुकेशन एंड कम्युनिकेशन मैनेजमेंट, फूड एंड न्यूट्रिशन, ह्यूमन डेवलपमेंट एंड फैमिली स्टडीज तथा रिसोर्स मैनेजमेंट एंड कंज्यूमर साइंस विषय शामिल हैं।

कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में फार्म मशीनरी एंड पावर इंजीनियरिंग, सॉयल एंड वाटर कंजर्वेशन इंजीनियरिंग, रिन्यूएबल एनर्जी इंजीनियरिंग तथा प्रोसेसिंग एंड फूड इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। कॉलेज ऑफ बायोटेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइन्फॉर्मेटिक्स, मॉलिक्यूलर बायोलॉजी एंड बायोटेक्नोलॉजी, बायो नैनोटेक्नोलॉजी तथा इंडस्ट्रियल बायोटेक्नोलॉजी विषयों में दाखिले होंगे।

कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस में एक्वाकल्चर, एक्वाटिक एनिमल हेल्थ मैनेजमेंट, फिश प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी, फिशरीज रिसोर्स मैनेजमेंट, एक्वाटिक एनवायरमेंट मैनेजमेंट, फिशरीज इंजीनियरिंग, फिशरीज एक्सटेंशन तथा फिशरीज इकोनॉमिक्स विषय शामिल हैं। कुलपति ने बताया कि सीएसआईआर-यूजीसी-जेआरएफ एवं आईसीएआर विद्यार्थियों के पीएचडी दाखिले इसी सेमेस्टर में होंगे जबकि हरियाणा निवासी विद्यार्थियों के पीएचडी दाखिले दूसरे सेमेस्टर में किए जाएंगे।




एचएयू का गेट नंबर 4। आर्काइव

### उम्मीदवार हरियाणा का स्थायी निवासी हो

कुलपति ने बताया कि आवेदन करने के लिए उम्मीदवार का हरियाणा का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। आवेदन पत्र एवं प्रोस्पेक्टस विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। सीटों की संख्या, पात्रता, महत्वपूर्ण तिथियां व प्रवेश प्रक्रिया संबंधी विस्तृत जानकारी hau.ac.in और admissions.hau.ac.in पर देखी जा सकती है।

### जानिये ये भी...एमबीए और पीजी डिप्लोमा कोर्स भी उपलब्ध

इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड एग्रीप्रेन्योरशिप, गुरुग्राम में एमबीए एग्रीबिजनेस, एमबीए जनरल, मास्टर्स इन रूरल मैनेजमेंट व पीएचडी इन रूरल मैनेजमेंट में दाखिले होंगे। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में रिमोट सेंसिंग एंड जीआईएस एप्लीकेशन इन एग्रीकल्चर एंड एनवायरमेंट, ह्यूमन न्यूट्रिशन एंड डाइटेटिक्स व स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन शामिल हैं।

## मास कम्युनिकेशन के लिए आवेदन शुरू

हिसार। गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जीजेयू) में नए शैक्षणिक सत्र के लिए मास कम्युनिकेशन पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। डिजिटल मीडिया और संचार तकनीकों के विस्तार के चलते जनसंचार क्षेत्र युवाओं के लिए तेजी से उभरता कॅरिअर विकल्प बन रहा है।

जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ. एराम पांडेय ने बताया कि विश्वविद्यालय में इंटीग्रेटेड बीए (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च)-एमए मास कम्युनिकेशन (5 वर्षीय) और एमए मास कम्युनिकेशन (2 वर्षीय) पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

इंटीग्रेटेड कोर्स की प्रवेश परीक्षा 25 जून को दोपहर तीन बजे से शाम 4:30 बजे तक तथा एमए की प्रवेश परीक्षा 10 जुलाई को सुबह 10 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित होगी।

आवेदन की अंतिम तिथि 1 जून निर्धारित की गई है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय


| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 26.5.26 | 9 | 1-6 |

## विश्वविद्यालय ने शुरू की नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया

# एचएयू में एडमिशन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन की यह प्रक्रिया 15 जून जारी रहेगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रमों में 2+4 वर्षीय बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर में दाखिला दसवीं के बाद एग्रीकल्चर एप्टीट्यूड टेस्ट जबकि चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर, बीएफएससी (बैचलर ऑफ फिशरीज साइंस), बीएससी (आनर्स) कम्युनिटी साइंस, बीएससी (आनर्स) एग्रीबिजनेस मैनेजमैंट, बीएससी (आनर्स) फिजीकल साइंसिज, बीएससी (आनर्स) लाइफ साइंसिज व बीटेक बायोटेक्नोलोजी में दाखिला 12वीं के बाद एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होगा। बी.टेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग) व बी.टेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग एलईईटी) में दाखिला हरियाणा राज्य काउंसलिंग सोसायटी द्वारा ज्वाइंट एंट्रेंस टेस्ट (मैन) 2026 और एलईईटी 2026 की मेरिट के आधार पर होगा।



### इन प्रोग्राम में होंगे स्नातकोत्तर व पीएचडी में दाखिले

कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में भी दाखिला कॉमन एंट्रेस टेस्ट के आधार पर होगा। उन्होंने बताया कि कृषि महाविद्यालय में एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स, एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एजुकेशन, एग्री.मेटीयोरोलॉजी, एग्रोनॉमी, फ्रूट साइंस/फलोरिकल्चरल एंड लेंडस्केपिंग, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, नेमोटोलोजी, प्लांट पैथोलॉजी, इंटोमोलॉजी, सीड साइंस एवं टेक्नोलॉजी, सिल्वीकल्चर एंड एग्रोफोरेस्ट्री, सायल साइंस, वेजीटेबल साइंस, पीएचडी इन एग्रीबिजनेस मेनेजमेंट व बिजनेस मैनेजमेंट शामिल है। मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोशियोलॉजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स शामिल है। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में एपारेल एंड टेक्सटाइल साइंस, एक्सटेंशन एजुकेशन एंड कम्युनिकेशन मैनेजमेंट, फूड एंड न्यूट्रिशियन, ह्यूमन डेवलपमेंट एंड फैमिली स्ट्डीज व रिसोर्स मैनेजमेंट एंड कन्ज्यूमर साइंस कोर्सिज शामिल है। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग, सॉयल एंड वाटर कंजरवेशन इंजीनियरिंग, रिन्यूऐबल एनर्जी इंजीनियरिंग व प्रोसेसिंग एंड फूड इंजीनियरिंग कोर्स शामिल है। कॉलेज ऑफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स, मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी, बायो नैनोटेक्नोलोजी व इंडस्ट्रीयल बायोटेक्नोलोजी जबकि पीएचडी के लिए बायोइंफोरमेटिक्स, मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी व एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी कोर्सिज के लिए इच्छुक विद्यार्थी दाखिला ले सकते हैं। कॉलेज ऑफ फिशरीज सांइस में एक्वाकल्चर, एक्वाटिक एनिमल हेल्थ मैनेजमेंट, फिश प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी, फिशरीज रिसोर्स मैनेजमेंट, एक्वाटिक एनवॉयरमेंट मैनेजमेंट, फिश इंजीनियरिंग, फिशरीज एक्सटेंशन व फिशरीज इकोनॉमिक्स तथा पीएचडी में एक्वाकल्चर, एक्वाटिक एनिमल हेल्थ मैनेजमेंट, फिश प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी, फिशरीज रिसोर्स मैनेजमेंट, एक्वाटिक एनवॉयरमेंट मैनेजमेंट, फिशरीज इकोनॉमिक्स व फिशरीज एक्सटेंशन विषय शामिल है।

### इन पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम में होंगे एडमिशन

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम में रिमोट सेंसिंग एंड जियोग्रेफिकल इनफोरमेशन, सिस्टम (जीआईएस) एप्लीकेशन इन एग्रीकल्चर एंड इन्वायरमेंट, ह्यूमन न्यूट्रीशन एंड डाइटेटिक्स व स्पोर्टस न्यूट्रीशन भी शामिल है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में आवेदन के लिए उम्मीदवार हरियाणा प्रदेश का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन फार्म एवं प्रोस्पेक्टस विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार के लिए आवेदन की फीस 1500 रुपये जबकि अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) उम्मीदवारों के लिए 375 रुपये होगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 26.5.26 | ५ | 1 |

# हकृवि में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ

## पाठ्यक्रमों में आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जून

हिसार, 25 मई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन की यह प्रक्रिया 15 जून तक जारी रहेगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि स्नातक पाठ्यक्रमों में 2+4 वर्षीय बी.एस.सी. (आनर्स) एग्रीकल्चर में दाखिला दसवीं के बाद एग्रीकल्चर एप्टीट्यूड टेस्ट जबकि चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम बी.एस.सी. (आनर्स) एग्रीकल्चर, बी.एफ.एस.सी. (बैचलर ऑफ फिशरीज साइंस), बी.एस.सी. (आनर्स) कम्युनिटी साइंस, बी.एस.सी. (आनर्स) एग्रीबिजनेस मैनेजमैंट, बी.एस.सी. (आनर्स) फिजीकल साइंसिज़, बी.एस.सी. (आनर्स) लाइफ साइंसिज़ व बीटेक बायोटेक्नोलोजी में दाखिला 12वीं के बाद एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होगा। बी.टेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग) व बी.टेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग एल.ई.ई.टी.) में दाखिला हरियाणा राज्य काउंसलिंग सोसायटी द्वारा ज्वाइंट एंट्रेस टेस्ट (मैन) 2026 और एल.ई.ई.टी. 2026 की मेरिट के आधार पर होगा। इसके अलावा अन्य कोर्सों के लिए भी दाखिले होंगे।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 26.5.26 | 4 | 8 |

## एचएयू में 2026-27 प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

**हिसार** | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन 15 जून 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के अनुसार 2+4 वर्षीय बीएससी (ऑनर्स) कृषि में प्रवेश दसवीं के बाद कृषि अभिरुचि परीक्षा से होगा, जबकि बीएससी (ऑनर्स) कृषि, मत्स्य विज्ञान, सामुदायिक विज्ञान, एग्रीबिजनेस प्रबंधन और बीटेक बायोटेक्नोलॉजी सहित अन्य चार वर्षीय कार्यक्रमों में चयन 12वीं के बाद प्रवेश परीक्षा से होगा। बीटेक कृषि अभियांत्रिकी में दाखिला संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य 2026 और एलईईटी 2026 की मेरिट से किया जाएगा। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि कुछ पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं और आवेदन के लिए हरियाणा का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी और प्रॉस्पेक्टस hau.ac.in तथा admissions.hau.ac.in पर उपलब्ध हैं।

कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में भी दाखिला कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होगा।

उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रमों में आवेदन के लिए उम्मीदवार हरियाणा प्रदेश का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 26.5.26 | 12 | 1-3 |

## चौ.च.सिं. हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ

हिसार, 25 मई (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन की यह प्रक्रिया 15 जून 2026 तक जारी रहेगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि स्नातक पाठ्यक्रमों में 2+4 वर्षीय बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर में दाखिला दसवीं के बाद एग्रीकल्चर एप्टीट्यूड टेस्ट जबकि चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर, बीएफएससी (बैचलर ऑफ फिशरीज साइंस), बीएससी (आनर्स) कम्युनिटी साइंस, बीएससी (आनर्स) एग्रीबिजनेस मैनेजमैंट, बीएससी (आनर्स) फिजीकल साइंसिज़, बीएससी (आनर्स) लाइफ साइंसिज़ व बीटेक बायोटेक्नोलोजी में दाखिला 12वीं के बाद एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होगा। बी.टेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग) व बी.टेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग एलईईटी) में दाखिला हरियाणा राज्य काउंसलिंग सोसायटी द्वारा ज्वाइंट एंट्रेस टेस्ट (मैन) 2026 और एलईईटी 2026 की मेरिट के आधार पर होगा। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में भी दाखिला कॉमन एंट्रेस टेस्ट के आधार पर होगा।

उन्होंने बताया कि कृषि महाविद्यालय में एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स, एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एजुकेशन, एग्री.मेटीयोरोलॉजी, एग्रोनॉमी, फ्रूट सांइस/फलोरिकल्चरल एंड लेंडस्केपिंग, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, नेमोटोलोजी, प्लांट पैथोलॉजी, इंटोमोलॉजी, सीड साइंस एवं टेक्नोलॉजी, सिल्वीकल्चर एंड एग्रोफोरेस्ट्री, सायल साइंस, वेजीटेबल साइंस, पीएचडी इन एग्रीबिजनेस मेनेंजमेंट व बिजनेस मैनेजमेंट शामिल है। मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोशियोलॉजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स शामिल है। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में एपारेल एंड टेक्सटाइल साइंस, एक्सटेंशन एजुकेशन एंड कम्युनिकेशन मैनेजमेंट, फूड एंड न्यूट्रिशियन, ह्यूमन डेवलेपमेंट एंड फैमिली स्टडीज व रिसोर्स मैनेजमेंट एंड कन्ज्यूमर साइंस कोर्सिज शामिल है। कॉलेज ऑफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स, मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी, बायो नैनोटेक्नोलोजी व इंडस्ट्रीयल बायोटेक्नोलोजी जबकि पीएचडी के लिए बायोइंफोरमेटिक्स, मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी व एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी कोर्सिज के लिए इच्छुक विद्यार्थी दाखिला ले सकते हैं। कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस में एक्वाकल्चर, एक्वाटिक एनिमल हेल्थ मैनेजमेंट, फिश प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी, फिशरीज रिसोर्स मैनेजमेंट, एक्वाटिक एनवॉयरमेंट मैनेजमेंट, फिश इंजीनियरिंग, फिशरीज एक्सटेंशन व फिशरीज इकोनॉमिक्स तथा पीएचडी में एक्वाकल्चर, एक्वाटिक एनिमल हेल्थ मैनेजमेंट, फिश प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी, फिशरीज रिसोर्स मैनेजमेंट, एक्वाटिक एनवॉयरमेंट मैनेजमेंट, फिशरीज इकोनॉमिक्स व फिशरीज एक्सटेंशन विषय शामिल हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 25.05.2026 | -- | -- |

# आमजन को ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग और ईंधन की बचत के लिए रैली निकालकर किया जागरूक



सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। आमजन को ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग और ईंधन की बचत के लिए निकाली गई जागरूकता रैली को कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने झंडी दिखाकर रवाना किया। कुलपति ने ईंधन की बचत के लिए आमजन से अनावश्यक बिजली खपत को कम करने, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने, ऊर्जा दक्ष उपकरण अपनाने तथा संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा बचत केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। ऊर्जा संरक्षण से बिजली, पेट्रोल और डीजल पर होने वाला खर्च कम होता है जिससे विदेशी मुद्रा की बचत होती है।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में निकाली गई जागरूकता रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण, ईंधन की बचत तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने 'ईंधन बचाओ देश बचाओ', 'ऊर्जा संरक्षण अपनाएं -उज्जवल भविष्य बनाएं' तथा 'कम ईंधन-स्वच्छ पर्यावरण' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरुक भी किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, एनएसएस अधिकारी डॉ. लोचन शर्मा, डॉ. दीपक कौशिक, डॉ. अरूण कुमार व डॉ. इदरीश उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ-छोर | 25.05.2026 | -- | -- |

# हकृवि में ऊर्जा संरक्षण अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली



नभ-छोर न्यूज ⏭ 25 मई

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। आमजन को ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग और ईंधन की बचत के लिए निकाली गई जागरूकता रैली को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने झंडी दिखाकर रवाना किया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने ईंधन की बचत के लिए आमजन से अनावश्यक बिजली खपत को कम करने, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने, ऊर्जा दक्ष उपकरण अपनाने तथा संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा बचत केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। ऊर्जा संरक्षण से बिजली, पेट्रोल और डीजल पर होने वाला खर्च कम होता है जिससे विदेशी मुद्रा की बचत होती है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में निकाली गई जागरूकता रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण, ईंधन की बचत तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, एनएसएस अधिकारी डॉ. लोचन शर्मा, डॉ. दीपक कौशिक, डॉ. अरूण कुमार व डॉ. इदरीश उपस्थित रहे।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ-छोर | 25.05.2026 | -- | -- |

# हकृवि में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 15 जून तक कर सकते हैं आवेदन

नभ-छोर न्यूज ▶▶ 25 मई

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है जो 15 जून तक जारी रहेगी। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रमों में 2+4 वर्षीय बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर में दाखिला दसवीं के बाद एग्रीकल्चर एप्टीट्यूड टेस्ट जबकि चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर, बीएफएससी (बैचलर ऑफ फिशरीज साइंस), बीएससी (आनर्स) कम्युनिटी साइंस, बीएससी (आनर्स) एग्रीबिजनेस मैनेजमैंट, बीएससी (आनर्स) फिजीकल साइंसिज, बीएससी (आनर्स) लाइफ साइंसिज व बीटेक बायोटेक्नोलोजी में दाखिला 12वीं के बाद एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होगा। बी.टेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग) व बी.टेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग एलईईटी) में दाखिला हरियाणा राज्य काउंसलिंग सोसायटी द्वारा ज्वाइंट एंट्रेंस टेस्ट (मैन) 2026 और एलईईटी 2026 की मेरिट के आधार पर होगा। कुलपति ने बताया कि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में भी दाखिला कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होगा। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम में रिमोट सेंसिंग एंड जियोग्राफिकल इनफोरमेशन सिस्टम (जीआईएस) एप्लीकेशन इन एग्रीकल्चर एंड इन्वायरमेंट, ह्यूमन न्यूट्रीशन एंड डाइटेटिक्स व स्पोर्टस न्यूट्रीशन भी शामिल है।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 25.05.2026 | -- | -- |

# एचएयू में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 15 जून तक करें आवेदन

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन की यह प्रक्रिया 15 जून 2026 तक जारी रहेगी। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रमों में 2+4 वर्षीय बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर में दाखिला दसवीं के बाद एग्रीकल्चर एप्टीट्यूड टेस्ट जबकि चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर, बीएफएससी (बैचलर ऑफ फिशरीज साइंस), बीएससी (आनर्स) कम्युनिटी साइंस, बीएससी (आनर्स) एग्रीबिजनेस मैनेजमैंट, बीएससी (आनर्स) फिजीकल साइंसिज़, बीएससी (आनर्स) लाइफ साइंसिज़ व बीटेक बायोटेक्नोलोजी में दाखिला 12वीं के बाद एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होगा। बी.टेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग) व बी.टेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग एलईईटी) में दाखिला हरियाणा राज्य काउंसलिंग सोसायटी द्वारा ज्वाइंट एंट्रेस टेस्ट (मैन) 2026 और एलईईटी 2026 की मेरिट के आधार पर होगा।

## आवेदक हरियाणा का निवासी हो : डॉ. पवन

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम में रिमोट सेसिंग एंड जियोग्रेफिकल इनफोरमेशन, सिस्टम (जीआईएस) एप्लीकेशन इन एग्रीकल्चर एंड इन्वायरमेंट, हयूमन न्यूट्रीशन एंड डाइटेटिक्स व स्पोर्टस न्यूट्रीशन भी शामिल है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में आवेदन के लिए उम्मीदवार हरियाणा प्रदेश का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन फार्म एवं प्रोस्पेक्टस विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार के लिए आवेदन की फीस 1500 रूपये जबकि अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, पीडब्ल्यूडी(दिव्यांग) उम्मीदवारों के लिए 375 रूपये होगी।